कार्यालय नगरपालिका परिषद, खरगोन, जिला खरगोन (म.प्र.)
दूरभाष (कोड–07282) ☎ 231333 फेक्स – 21333 – E-Mail : cmokhargone@mpurban.gov.in

निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते

1) प्रत्येक निविदा के साथ निविदाकार को ऑनलाईन बिड जमा करते समय लिफाफा–ए में अमानत राशि की रसीद, पंजीयन प्रमाण पत्र, शपथ पत्र को, स्केन कर अपलोड़ करना अनिवार्य है ।

2) उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईड: http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.05.2026 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है ।

3) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ सक्षम (उचित) श्रेणी में वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

4) निविदा दर आयटम रेट की होने से कार्य की सुगमता एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए बी.ओ.क्यू. में प्राप्त L1 निविदाकार को ही सम्पूर्ण कार्य दिया जावेगा ।

5) बी.ओ.क्यू. में आयटम की 0 (जीरो) वेल्यु मान्य नहीं की जावेगी । सभी आयटम की दरें देना अनिवार्य होगी ।

6) L1 निविदाकार की किसी आयटम की दर अधिक प्रतीत होने पर निविदा समिति द्वारा दरों में निगोशिएसन किया सकता है ।

7) सफल निविदाकार को सामग्री निकाय में उपलब्ध कराना होगी ।

8) कार्य में किसी भी प्रकार का विलंब होने अथवा किन्ही भी परिस्थितियों में मूल्य वृद्धि देय नहीं होगी ।

9) निविदा से संबंधित किसी भी वाद–विवाद पर सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

10) किसी भी यह ज्ञात होने पर कि इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर/निर्माता को राज्य सरकार, केन्द्र सरकार द्वारा ब्लेकलिस्टेड किया गया है, नगर पालिका परिषद, खरगोन द्वारा उसकी विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाकर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा, जिसके लिए कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी जावेगी ।

11) तकनीकी कारणों से यदि ऑनलाईन पोर्टल बंद होता है तो उसकी जवाबदारी नगर पालिका खरगोन की नहीं होगी ।

12) नियमानुसार कटोत्रा किया जाकर ही बिल का भुगतान किया जावेगा ।

13) सफल निविदाकार को दर स्वीकृति के पश्चात नगरपालिका के हित में विधिवत अनुबंध सम्पादित करना होगा ।

14) निविदा प्रपत्र में वांछित योग्यताधारी निविदादाता ही टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेवे, वांछित प्रपत्र के अभाव में प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

15) इच्छुक ठेकेदार से आशा की जाती है कि, वे टेण्डर डाक्युमेंट में उल्लेख शर्तो का गहन अध्ययन करने के पश्चात ही निविदा प्रस्तुत करें । निविदा प्रस्तुत करने वाली कम्पनी/फर्म के संबंध में यह मान लिया जावेगा कि उनके द्वारा समस्त सूचनाओं का अध्यन कर लिया गया है तथा समझ लिया गया है । टेण्डर प्रस्तुत करने के पश्चात निविदादाता की कोई भी आपत्ति आदि पर विचार नहीं किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, खरगोन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, खरगोन